हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025



## खबर संक्षेप

### अशांति फैलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई

**राजनांदगांव।** पुलिस द्वारा लगातार गुंडा बदमाश और अशांति फैलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लालबाग पुलिस ने आज ग्राम कोटरासरार में लड़ाई-झगड़ा कर विवाद कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। लालबाग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटरासरार में प्रार्थी सुमित्राबाई के साथ अनावेदक रूपलाल जगनीक द्वारा मेरे खिलाफ पुलिस को झूठी शिकायत किए हो, मैं तुम लोगों को नहीं छोड़ूंगा, देख लूंगा कहकर हंगामा किया जा रहा था। आसपास के लोगों ने अनावेदक को समझाने का प्रयास भी किया, किन्तु वह और अधिक उत्तेजित होकर गाली-गलौज कर वाद-विवाद मारपीट करने पर उतारू हो गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आरोपी के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर अनुविभागीय दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया है।

### इंस्टाग्राम में गाली गलौज आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** प्रार्थी के इंस्टाग्राम एकाउंट में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से अश्लील गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी का मैसेज पोस्ट करने के मामले को लेकर छुरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की जांच में जुटी साइबर सेल एवं थाना छुरिया की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी धारक आरोपी का पता तलाश किया गया। इस दौरान आरोपी फैजान खान पिता मुश्ताक खान 23 वर्ष निवासी सीताबर्डी छुरिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। अश्लील गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के इस मामले में पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया है। वहीं पकड़े गए आरोपों के खिलाफ धारा 66(सी) आईटी एक्ट जोड़कर उसे गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी के विरुद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### मॉय एंगल




# डॉग बाइट के बढ़ते मामलों को रोकने 800 कुत्तों का बधियाकरण

## शहर में लगातार बढ़ रहा आवारा कुत्तों का आतंक, निगम ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हर वार्ड में कुत्तों का झुंड राहगीरों को दौड़ा रहा है। खासकर रात के वक्त इनसे काफी खतरा बना हुआ है। लगातार कुत्तों के काटने के मामले भी सामने आ रहे हैं। झुंड में कुत्ते आक्रामक होकर हमला कर रहे हैं। कुत्ते काटने के अधिकांश मामले छोटे बच्चों में सामने आए हैं। नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष बधियाकरण में लाखों खर्च करने के बाद भी कुत्तों की संख्या बढ़ना आश्चर्यजनक है।

शहर के कई क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का झुंड दिखाई देता है। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टैंड सहित गली-मोहल्लों में आवारा कुत्तों का झुंड मौजूद है। आवारा कुत्ते लगातार आक्रामक हो रहे हैं। खासकर पैदल चलने वाले, सुबह सैर पर निकलने वाले छोटे बच्चों और साइकिल सवार लोगों को आवारा कुत्तों का झुंड दौड़ाता है। इन कुत्तों की संख्या नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अभियान चलाकर कुत्तों का बधियाकरण किया जाता है।

इसके लिए लाखों खर्च भी होते हैं, लेकिन कुत्तों की संख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ने के कारण आए दिन हादसे भी हो रहे है। रात के समय राहगीरो को अच्छी खासी दिक्कतें भी हो रही है।

### निगम ने चलाया अभियान

इधर आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों का बधियाकरण करने अभियान चलाया जा रहा है। आवारा कुत्तों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों में कुत्तों को पकड़कर कुत्तों का बधियाकरण किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जुलाई से अब तक लगभग 5 माह में 800 आवारा कुत्तों का बधियाकरण किया है।



### नैन फाउंडेशन को सौंपा काम

नैन फाउंडेशन सर्विसेस को आवारा कुत्तों का बधियाकरण के 800 आवारा कुत्तों के बधियाकरण के बाद वर्तमान में 1000 कुत्तों का बधियाकरण करने संबंधित पुनः कार्यादेश जारी किया गया है।नगर निगम द्वारा चुनिंदा वार्डों में ही आवारा कुत्तों को पकड़कर बधियाकरण किया जा रहा है। जबकि शहर के बसंतपुर, गंजलाईन, मोतीपुर रामनगर, बल्देवबाग, गोलबाजार, लखोली, नंदई जैसे क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की अधिक संख्या है।

## 11 दिनों में 10 फीसदी वोटरों को खोजने करनी होगी मशक्कत

# एसआईआर: साढ़े सात लाख वोटरों की एंट्री, हफ्तेभर बढ़ी डेट लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले चार नवंबर से शुरू हुए मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर को लेकर मचे राजनैतिक घमासान के बीच प्रशासन ने 26 दिनों में साढ़े सात लाख वोटरों की ऑनलाइन एंट्री का काम पूरा कर लिया है। करीब 80 हजार वोटरों का गणना पत्रक जमा करने का काम शेष रह गया है। इस बीच निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर की बजाए 11 दिसंबर कर दी है। जिससे छूटे हुए मतदाताओं और प्रशासनिक अमले ने राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे एआईआर की प्रक्रिया में जिले के कुल 8 लाख 35 हजार मतदाताओं से सन 2003 की मतदाता सूची के आधार पर गणना पत्रक भरने के काम में प्रशासनिक अमले ने पूरी ताकत झोंक रखी है। बूथ लेवल के अफसर जमीनी स्तर पर पिछले 26 दिनों से जुटे हुए हैं। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि अभी तक करीब सात लाख वोटरों की ऑनलाइन एंट्री का काम पूरा हो गया है। कुल मतदाताओं में 80 हजार मतदाताओं के गणना पत्रक के लिए प्रशासनिक अमले को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। निर्वाचन आयोग ने चार दिसंबर को एसआईआर की अंतिम तिथि निर्धारित की थी, लेकिन अब इसे 11 दिसंबर तक आगे बढ़ा दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि जमीनी स्तर पर इस प्रक्रिया को देख रहे बीएलओ को वोटरों को खोजने में काफी दिक्कतें आ रही है। कई वोटरों का नाम एक की बजाए कई जगह होने के कारण भी ऐसी संभावना जताई जा रही है कि वोटरों के आंकड़े की संख्या में कमी आएगी।



### अब 14 फरवरी को जारी होगी अंतिम सूची

निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाते आगामी 11 दिसंबर तक कर दिया गया है। नए कार्यक्रम के मुताबिक 16 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया सात फरवरी तक पूरी की जाएगी। इसके बाद आगामी 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### एसआईआर में नांदगांव विधानसभा पीछे

एसआईआर की प्रक्रिया में राजनांदगांव जिले में सबसे खराब स्थिति राजनांदगांव विधानसभा की है। शहरी इलाका होने के बाद भी अभी तक सिर्फ 75 फीसदी की एंट्री हो सकी है। सबसे अच्छी स्थिति डोंगरगांव विधानसभा की है। यहां 87 फीसदी वोटरों ने एसआईआर में भाग ले लिया है। इधर डोंगरगढ़ विधानसभा में 86 फीसदी और खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में 83 फीसदी वोटरों ने गणना पत्रक जमा कर दिया है। प्रशासन ने इनकी ऑनलाइन एंट्री भी कर दी है।

### सरकारी अमले के छूट रहे पसीने

जिले का चारों विधानसभा क्षेत्रों में एक हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। लगभग 1200 शिक्षकों व अधिकारियों को इस काम में लगाया गया है। पटवारियों, मितानिनों व समूह की महिलाओं के रूप में अब लगभग ढाई सौ अतिरिक्त मानव संसाधन को इसमें सहायता के लिए लगाया गया है। धान कटाई और मिंजाई के दौर में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए सरकारी अमले के पसीने भी छूट रहे हैं।

# बालिका संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर दो नाबालिग फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ चार दिन पहले आई थी

शहर के बल्देवबाग स्थित बाल कल्याण समिति द्वारा संचालति बालिका गृह से दो नाबालिग फरार हो गई है। दोनों को 25 नवंबर को दुर्ग से लाया गया था, जिन्हें बालिका गृह में रखा गया था। मामले की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है।

बल्देवबाग में बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका गृह का संचालन किया जाता है। जिसमें विभिन्न मामलों की पीड़ित बालिकाओं को आश्रय स्थल की तरह रखा जाता है। यहां उनकी काउंसलिंग भी होती है। जानकारी के मुताबिक 25 नवंबर को दुर्ग से एक 13 साल और दूसरी 15 साल की बालिका को यहां लाया गया। दोनों करीब चार दिन गृह में रही। इसी बीच शनिवार शाम 5.30 बजे दोनों मौका देखकर गृह की दीवार फांदकर भाग निकली। आसपास तलाश करने में भी उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बालिका गृह की काउंसलर ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस की टीम बालिकाओं की पतासाजी में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग बच्चियों की खोजने टीमें रवाना की गई है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# डंगोरा में शीघ्र शुरू होगी ट्रेकिंग-कैंपिंग फारेस्ट अफसरों ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर दूर डंगोरा डेम क्षेत्र में इकोवीरा इंडिया द्वारा चिन्हांकित किए ट्रेक रूट और व्यू पॉइंट का निरीक्षण 29 नवंबर 2025 को किया गया। यहां 3 किमी लंबा ट्रेक रूट तैयार किया गया है। टीम द्वारा अब तक चार बार व्यू पॉइंट पर नाइट स्टे व कैंपिंग भी की जा चुकी है।

इसी कार्य को देखते हुए निरीक्षण के लिए सुबह 9 बजे राजनांदगांव जिले के डीएफओ आयुष जैन स्थल पर पहुंचे। उनके साथ डोंगरगढ़ एसडीएम एम. भार्गव, एसडीओ पूर्णिमा राजपूत तथा राजनांदगांव रनर्स ग्रुप्स से गौरव पारख एवं राहुल बोहरा सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही। इस आयोजन में इकोवीरा इंडिया की टीम के चंदू भंडारी, अभिनव चंद्राकर, सागर द्विवेदी, सौरभ महोबिया, कुणाल रजक, अजय भंडारी और अयान खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग के सहयोग से इकोवीरा इंडिया द्वारा किया गया।



### ट्रेक रूट का निरीक्षण

डेम के किनारे-किनारे ट्रेक करते हुए अधिकारियों ने प्राकृतिक जंगल और इलाके की खूबसूरती को नजदीक से महसूस किया। स्थल निरीक्षण के दौरान ट्रेक रूट, सुरक्षा, एडवेंचर गतिविधियों की संभावनाओं और क्षेत्र को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित करने पर सार्थक चर्चा हुई।

### इको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

इकोवीरा इंडिया के निदेशक प्रमेश विजयवार ने वन विभाग एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते कहा कि डंगोरा-मैकल श्रेणी में ट्रेकिंग, कैंपिंग और वाटर-आधारित गतिविधियों की अपार संभावनाएं है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के इको-टूरिज्म विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और जंगल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

# ट्यूशन में बच्ची के साथ बेड टच, शिक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के एक ट्यूशन इंस्टीट्यूट शिक्षक द्वारा छात्रा को बुरी नीयत से छूने का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत के बाद आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित एक ट्यूशन इंस्टीट्यूट में 16 वर्षीया छात्रा के साथ शिक्षक ने अश्लील हरकत की । यहां कॉमर्स के शिक्षक द्वारा उसे बुरी नीयत से छूआ गया । शिक्षक की हरकत को समझते हुए पीड़ित छात्रा ने तत्काल इसका विरोध किया और इसके खिलाफ जागरूकता दिखाते हुए मामले की कोतवाली थानो में शिकायत कर दी। मामला थाना तक पहुंचते ही कोतवाली पुलिस ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बुरी नीयत भांप गई छात्रा

बताया जा रहा है कि उक्त ट्यूशन इंस्टीट्यूट में कॉमर्स की शिक्षा लेने के लिए बड़ी संख्या में छात्राएं भी पहुंचती है। कक्षा 11वीं की 16 वर्षीय छात्रा भी ट्यूशन के लिए पहुंची थी। इस दौरान शिक्षक ने उसे क्वेश्चन समझने के नाम पर अश्लील तरीके से संवेदनशील अंगों पर हाथ लगाया। जिससे शिक्षक की बुरी नीयत को भांपकर छात्रा ने इस मामले की शिकायत थाना में कर दी। नाबालिक छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा अश्लील हरकत करते हुए उसे छुए जाने के मामले को लेकर अन्य छात्राओं में भी भय और रोष है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया है, जहां से उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं...
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बिमारियों का ऑपरेशन
- आमाशय एवं अग्नाशय की बिमारियों का ऑपरेशन
- मलद्वार का बाहर आ जाना, हाईड्रोसील का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन, स्तन के गांव का ऑपरेशन
- तापतिल्ली (स्प्लीन वृषण ट्यूमर)
- सभी प्रकार के लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन

डॉ. देवांगन पॉल चौधरी
MBBS, MS, FMAS, FILP

OPD : 10 AM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## गीता जयंती पर ब्राह्मण समाज का आयोजन, सांसद ने कहा: उपदशों को करें याद

# हर घर में गीता पढ़ने से नई पीढ़ियों को मिलेगी दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई द्वारा गीता जयंती के अवसर पर गीता के उपदेशों को जीवन में अपने के लिए और हर घर में गीता पढ़ने लोगों में प्रेरणा जागृत करने के उद्देश्य से शहर के बर्फानी आश्रम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष ललित मिश्रा सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। गीता जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की जिला अध्यक्ष कनक दुबे और संभाग अध्यक्ष वंदना तिवारी ने कहा कि आयोजन का यह प्रथम वर्ष है। घर-घर गीता, हर-घर गीता के उद्देश्य को लेकर यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हर घर में गीता पढ़ा जाए, इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### गीता से नई पीढ़ी को मिलेगी दिशा

गीता जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि गीता हम सबके जीवन का मूल उद्देश्य है। भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के लिए गीता का उपदेश हर व्यक्ति के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को कर्म, मोक्ष और ज्ञान की दिशा दिखाई थी । नई पीढ़ी को इस आयोजन से जोड़कर गीता के उपदेशों से जोड़ने का प्रयास किया गया है।




### हर संकट का समाधान गीता में

आयोजन में शामिल होने पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने कहा कि गीता का संदेश युद्ध के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था। घर व देश में जब-जब संकट हो, सबका समाधान गीता में है। उन्होंने कहा कि जब शोक और मोह में घिर जाए तो गीता के वाक्य को याद करें। सांसद ने गीता जयंती के अवसर पर अपनी बधाई और शुभकामनाएं देते कहा कि हम सबको गीता के उपदेशों के अनुसार चलना चाहिए।

### बुजुर्ग दंपत्ति का सम्मान

गीता जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज के 60 वर्ष आयु पूरी करने वाले दंपत्तियों का शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह से सम्मान भी किया गया। आयोजन के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता में दिए गए भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को अपने जीवन में उतरने, गीता से जीवन का मूल सार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
80 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

**डोंगरगांव**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न बूथों पर सुना। मन की बात कार्यक्रम को वार्ड 5 के पार्षद राजा जैन के घर पर सुना गया, जिसमें जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में बढ़ते पर्यटन का उल्लेख करते हुए लोकल फॉर वोकल की चर्चा की। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने पर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होता है।इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन, जिला प्रवक्ता रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, प्रफुल्ल राजा जैन, राहुल जैन आदि उपस्थित थे।

### मुरूम का बेजा खनन जारी

**डोंगरगढ़**। रेल्वे की तीसरी लाईन के निर्माण में अवैध मुरूम उत्खनन करने की शिकायत के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए खनन में लगे डंपर, हाईवा, जेसीबी को मौके पर पकड़ा है। ठेकेदार ने अधिकारियों और राजनितिक सांठगांठ से शासकीय भूमि के अलावा कई गांव के तलाबों में खनन किया है। मुसरा, बरनारा कला में लगातार अवैध खनन होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### नशे के कारोबार पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़**। पुलिस कप्तान के निर्देश बाद भी नशे के करोबार पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन नाकाम नजर आ रहा है। शासकीय शराब दुकानों से कोचियों को बेचने के लिए शराब मुहैया कराया जा रहा है जिससे शहर के कई वार्डो में शराब का कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है। शहर में शराब के साथ नशीली दवा और गांजे का कारोबार चल रहा है। जानकारी के अनुसार 80 और 110 रूपए कीमत वाली शराब जो पहले 100 और 130 में मिलती थी अब पुलिस की घेराबंदी का हवाला देकर कोचिया 150 और 200 रूपए में बेचने लगे है। शहर की कई दुकानों, घरों में शराब बेचा जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

### पारागांव खुर्द मड़ई 6 को

**डोंगरगढ़**। ग्राम पंचायत पारागांव खुर्द में आगामी 6 दिसंबर को मडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ महके मोगरा नाच पार्टी बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पटेल अजय मानिकपुरी एवं सरपंच कमलेश्वर वर्मा ने आसपास के ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### अंडरब्रिज सड़क की मरम्मत



**डोंगरगढ़**। अंडरब्रिज की जर्जर सड़क को लेकर शिकायतें मिलने के बाद शनिवार को नगर पालिका प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। सुबह से देर शाम तक सड़क को वन-वे कर गड्ढों की मरम्मत कराया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे मौके पर पहुंचे और पेंचवर्क की प्रगति का निरीक्षण किया। अध्यक्ष डोंगरे ने बताया कि अंडरब्रिज में लंबे समय से हो रहे पानी के रिसाव की वजह से सड़क कमजोर हो गई थी और गड्ढे बन गए थे। सड़क पर बढ़ते खतरे को देखते हुए पेंचवर्क कराया गया है जिससे आवागमन सुगम हो सके।उन्होंने बताया कि ब्रिज के नीचे से गुजरने वाली अंडर ग्राउंड नाली की सफाई योजनाबद्ध तरीके से कराई जाएगी, जिससे रिसाव पर नियंत्रण पाया जा सके।

---

डेढ साल बाद रखी गई थी बैठक, नाराज विधायक ने किया स्थगित

# जीवनदीप की बैठक में नहीं पहुंचे अफसर, जमकर भड़के विधायक

## अफसरों पर मनमानी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौकी

अफसरो की लेटलतीफी के चलते जीवनदीप समिति की बैठक विधायक भोलाराम साहू ने स्थागित कर दी। यह बैठक डेढ साल बाद रखी गई थी। बैठक के निर्धारित समय पर अफसरों के उपस्थित नही होने पर समिति के पदेन अध्यक्ष भोलाराम साहू काफी नाराज हुए। उन्होने कहा कि तय समय से एक घंटे बाद भी अधिकारियो का नहीं आना इस बात का प्रमाण है कि अफसर मनमानी करने उतारू हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जीवनदीप समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित थी। बैठक में शामिल होने के लिए समिति के अध्यक्ष भोलाराम साहू सवा दो बजे पहुंच गए थे। वह लगभग पौन घंटे तक बीएमओ कक्ष में बैठ कर अधिकारियों के आने का इंतजार करते रहे। इस मध्य बीएमओ डॉ आरआर ध्रुवे स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करते रहे। बीएमओ के प्रयास के बाद भी तीन बजे तक नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जनपद अध्यक्ष पुनउराम फुलकौरे, जनपद सीईओ प्रियवंदा रामटेके, बीईओ एसके धींवर, छग राज्य विद्युत वितरण कपंनी के जेई के अलावा कोई अन्य अधिकारी नहीं पहुंचा। लंबे इतंजार के बाद विधायक ने नाराज होकर बैठक को स्थगित कर दिया।




### डेढ़ साल से नहीं हुई बैठक

जानकारी के अनुसार जीवनदीप समिति की बैठक डेढ वर्ष से नही हुई है। सूत्रो की माने तो बैठक के लिए जीवनदीप समिति के अध्यक्ष व अधिकारियो के मध्य समन्वय नही हो पा रहा है। विधायक साहू ने बताया कि वह एक वर्ष से बैठक रखने के लिए बीएमओ को निर्देश दे रहे है लेकिन बैठक रखा नही जा रहा था।

### अब दिसंबर में होगी बैठक

जीवनदीप समिति की बैठक अब दिसंबर में हो पाएगी। बीएमओ डॉ ध्रुवे ने बताया कि वह जल्द ही विधायक एवं एसडीएम से समय लेकर बैठक आयोजित करेंगे। उन्होने बताया कि इस बैठक में हास्पिटल एवं स्वास्थ्य सुविधाए बढाने को लेकर कई महत्वपूर्ण एजेंडे को शामिल किया गया था।

### अफसरों पर फूटा गुस्सा

विधायक साहू जीवनदीप समिति की बैठक में अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर काफी नाराज नजर आए। उन्होंने कहा कि विधायक के उपस्थिति के बाद भी अधिकारियों का एक घंटे बाद भी बैठक में नही आना यह बताता है कि अधिकारी विधायक का कितना सम्मान कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज में अफसरशाही हावी है। अधिकारी मनमानी करने उतर आए है।

---

# सीईओ ने अपूर्ण पीएम आवास का लिया जायजा



- अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तिलईवार एवं टप्पा का निरीक्षण किया।

सीईओ ने निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण प्रारंभ करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने सरपंच एवं सचिव को आवास निर्माण हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री एवं राजमिस्त्री की उपलब्ध कराकर हितग्राही का सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने चौपाल लगाकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने के लिए हितग्राहियों का उन्मुखीकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद सीईओ रौशनी भगत सहित आवास योजना-ग्रामीण के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों को किया जागरूक

सीईओ तिलईवार एवं टप्पा में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल हुई। इस दौरान ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में स्वच्छता से संबंधित नारे लगाकर ग्रामीणों को प्लास्टिक प्रबंधन हेतु जागरूक किया गया। सीईओ सुश्री सिंह ने कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव की आधारशिला है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता का महत्व, घरेलू कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, यूजर चार्ज तथा ग्रेवेटर प्रबंधन आदि की जानकारी दी। सीईओ ने स्वच्छता दीदीयों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की जानकारी ली। उन्होंने सरपंच, सचिव, पंचों को स्वच्छता शुल्क संग्रहण कराने तथा समय पर स्वच्छता दीदीयों के पारिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने ग्रामीणों से प्रतिमाह समय पर स्वच्छता शुल्क देने की अपील की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद डोंगरगांव, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सरपंच, पंच, सचिव, स्कूली बच्चे, शिक्षक, स्वच्छताग्राही दीदी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# खेलों से बनेगा भविष्य : यशोदा वर्मा

- जोन स्तरीय खेल का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लॉक के ग्रापं जुनवानी में आयोजित जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा शामिल हुईं। स्वागत बाद विधायक वर्मा ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसी जीवन मूल्यों को भी मजबूत करता हैं।

विधायक वर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने बेहतर खेल-सुविधाओं के विकास पर जोर देते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि गांवों में मौजूद असली प्रतिभाओं को आगे लाया जाए। ऐसे खिलाड़ी ही भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। सभी खिलाडियों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि उनकी प्रतिभा को नई दिशा मिल सके। उन्होंने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, हिमांचल सिंह राजपूत, चेतन देवांगन, संतोष वर्मा, सरपंच डागेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# दवा आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ बनाने का प्रशिक्षण

- जिले के फार्मासिस्ट हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में दवा आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कार्यालय सीएचएमओ सभा कक्ष में फार्मासिस्ट प्रभारियों के लिए सप्लाई चेन मैनेजमेंट विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से आए फार्मासिस्ट प्रभारियों से दवा आपूर्ति प्रक्रिया को बेहतर बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं परचर्चा की।

कार्यशाला में प्रभावी स्टॉक प्रबंधन, भंडारण के मानक, सुरक्षा उपाय, एफआईएफओ-एफईएफओ सिद्धांतों का सही उपयोग, ऑनलाइन इंडेंटिंग की प्रक्रिया और दवा वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसे विषयों को विस्तार से समझाया। प्रतिभागियों को समयबद्ध व आवश्यकता आधारित आपूर्ति की अनिवार्यता पर भी विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान डॉ आशीष शर्मा ने फार्मासिस्ट प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से स्टॉक की समीक्षा करें, समय पर मांग पत्र भेजें और यदि किसी प्रकार की समस्या या कमी उत्पन्न हो तो तुरंत उच्च कार्यालय को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि दवा आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती सीधे रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को प्रभावित करती है इसलिए जिम्मेदार अधिकारी अधिक सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। कार्यशाला के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपनी शंकाएं रखी, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले में दवा आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाना था, जिसे प्रतिभागियों के सक्रिय सहयोग से किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सोनल धुरव, जिला स्टोर प्रभारी डॉ बोधन सिंह परते, प्रभारी जिला स्टोर फार्मासिस्ट ग्रिजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# परिक्रमा पथ स्थल का निरीक्षण



**डोंगरगढ़**। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने करोडों के कार्य की स्वीकृती दी है। हाल ही में लगभग 7 करोड़ की लागत से पहाडी पर सडक निर्माण एवं तीर्थ स्थलों को जोड़ने के लिए परिक्रमा पथ की स्वीकृति मिली है।स्वीकृति मिलने के बाद अधिकारियों ने मौका मुआयना किया ताकि आगे की रूप रेखा बना कर प्रक्रिया को बढ़ाया जा सके। प्रज्ञागिरि तीर्थ अध्यक्ष विनोद खंडेकर, ट्रस्ट सचिव शैलेन्द्र डोंगरे, धीरज मेश्राम अमन जनबंधु आदि ने मौके पर जाकर स्थल का जायजा लिया। अधिकारीयों से इस संबंध में चर्चा की। लोक निर्माण के अधिकारी एचएल सोनकाले ने बताया कि रायपुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया है। जल्द ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

---

# बौद्ध सम्मेलन में शामिल हुई महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- नागपुर में संपन्न हुई सम्मेलन
- सम्मेलन में विशिष्टजनों का सम्मान

महिला सशक्तिकरण संघ द्वारा तक्षक भवन नागपुर में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों सहित कई देशों से आए विद्वानों, शोधकर्ताओं, भंते एवं डोंगरगढ़ महिला सशक्तिकरण संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य विषय बौद्ध पुरालेख एवं इतिहास रहा, जिस पर विभिन्न शोध निबंध प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में न्हें ग्लोबल टीचर अवार्ड, ग्लोबल रिसर्च अवार्ड तथा ग्लोबल धम्म सेवा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में देश-विदेश के 500 से अधिक प्रतिभागियों के अलावा महिला सशक्तिकरण संघ की नलिनी मेश्राम, राधिका जंघेल, अरुणा गजभिये, नीता कोटांगले, सारिका बडोले, बुद्धमित्रा वासनिक, अनुपमा, रत्ना मेश्राम, नीता रामटेक, चंद्रशिला बामेश्वर, ज्योत्सना मेश्राम, विद्या सहारे, संगीता बोरकर, रेखा निकोसे आदि शामिल हुई।



---

# किसान हुए लापरवाही के शिकार पंजीयन कराने से वंचित : लोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने एग्रीस्टैक पोर्टल की गड़बड़ियों, खराब प्रबंधन और प्रशासनिक उदासीनता के कारण जिले के हजारों किसान का पंजीयन नहीं होने पर चिंता व्यक्त किया है। यह किसान समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाएंगे। सुधार और पंजीयन के लिए किसानों केंद्रों में जा रहे है किन्तु उनकी परेशानी का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसान हितों को लेकर गैर-जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। किसान पंजीयन नहीं कर पा रहे। नाम, पता और रकबा में त्रुटियों का समाधान नहीं किया जा रहा है। किसानों के परेशान होने के बाद भी सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है।उन्होंने पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने, तकनीकी गड़बड़ियों को दूर करने और सभी किसानों का धान खरीदने की मांग की है।

---

साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार

# समाज की मजबूती और समृद्धि के लिए करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

तहसील एवं नगर साहू संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश साहू संघ के अध्यख डां. निरेन्द्र साहू की मौजूदगी में शपथ ग्रहण किया। यह कार्यक्रम मां कर्मा भवन में आयोजित किया गया था। अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, विशेष अतिथि जिला महामंत्री नीलमणि साहू, संरक्षक कमल किशोर साहू, नोबल साहू, मदन साहू, अमरनाथ साहू, चंद्रशेखर साहू, हेमंत साहू, माधव साहू, रविकुमार साहू लविंद्र साव थे। मां कर्मा की सामूहिक पूजा और अतिथि स्वागत के बाद जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, उपाध्यक्ष गणेश साहू, डेहरीन साहू, संगठन सचिव कोमल साहू, पूनम साहू, सचिव कृष्ण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू ने नगर साहू संघ के अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष नामदेव साहू, हंसू साहू, संगठन सचिव घनश्याम साहू, लोकेश्वरी साहू, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष ताम्रध्वज साहू सहित प्रकोष्ठ के संयोजकों को शपथ ग्रहण कराया।

### रही सामजिक जनों की मौजूदगी

कार्यक्रम में बेलस साहू, मीलूराम साहू, हकीम साहू, नवल किशोर, धनेंद्र साहू, रोहित साहू, गिरधारी साहू, हेमंत साहू, भारत साहू, घनश्याम साहू, धनेन्द्र साहू, ओमकार साहू, रामकुमार साहू, अमरोतन साहू, तिलकराम, भारतलाल, महेन्द्र बघेल, भारत साहू, लालदास, भोज साहू, मनसुख, सुनीता साहू, नीलम, सवलदास, राधेश्याम, दयालु साहू, मन्नूलाल, रमेश कुमार, टुमनलाल, गोपेन्द्र साहू, बिसनाथ, यादव राम, संध्या साहू, रेणुका साहू, प्रेमचंद, पुरुषोत्तम सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### करें नियमावली का पालनः निरेन्द्र

इस मौके पर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को सामाजिक नियमावली का पालन करते हुए एकता और अखंडता के साथ विकसित समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, संरक्षक किशोर साहू ने संबोधित करते हुए निस्वार्थ भाव से दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा दी। संचालन पूर्व प्रशासनिक सचिव लविंद्र साव, गुमान साहू एवं आभार प्रदर्शन कृष्ण कुमार साहू ने किया।

---

### दावा/आपत्ति

ईश्तहार सूचना विदित हो कि ग्राम कनेरी कोठीटोला पिनकोड - 491557 वर्तमान तहसील लालबहादुर नगर, पूर्व तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव का निवासी मृतक गणित कुमार यादव आ. स्व. प्रताप यादव, माता भुरी बाई यादव (उम्र लगभग 24 वर्ष) जाति राऊत, पेशा- मजदूरी की आवारा लावारिस कुते के काटे जाने से हुये रैबीज इन्फेक्शन के कारण दिनांक 01/07/2019 को मेकाहारा हास्पीटल रायपुर में ईलाज के दौरान मृत्यु हुई / जिस दुर्घटना मृत्यु की शासन द्वारा राहत क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि मृतक की माता भूरी बाई यादव को अप्राप्त है उक्त संबंध में ग्राम पंचायत कनेरी कोठीटोला में आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर ग्राम पंचायत बैठक में विचार कर प्रस्ताव किया जाना है उक्त सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रतीक्षा के पश्चात ग्राम पंचायत द्वारा उचित प्रस्ताव किया जावेगा अतः जिस किसी भी व्यक्ति, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था, निकाय को आपत्ति ऊजर हो लिखित में प्रमाण सहित ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत करे। सो सूचना जाने।

**भवदीय**
ग्राम पंचायत कनेरी
**जनपद पंचायत डोंगरगढ़**
**तहसील - लालबहादुर नगर**
**जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**
**पिनकोड - 491557**

## खबर संक्षेप




### मितानिन दिवस मना

**डोंगरगढ़।** अछोली में मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच नंदकुमार साहू, सचिव पूर्णिमा मंडावी एवं पंचों ने मितानिन कमलेश्वरी साहू, नीता साहू, सुनीता राजपूत, मीरा राजपूत, अनिता साहू को तिलक लगाकर श्रीफल और साल भेंट किया। सरपंच साहू ने मितानिनों गाँव में किए गए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य कार्य की सराहना की। इस अवसर पर सुप्रिया रानी गुप्ता, खुशबू साहू, पूर्णिमा साहू, वंदना ऊके, खिलेश्वरी साहू, सुनीता साहू, खेमचंद सहारे, मुन्ना यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीता भादुड़ी, भानुमति साहू, सुनीता बंसोड़ आदि उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रह



**राजनांदगांव।** महेश्वरी भवन राजनांदगांव में रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें कुल 45 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह शिविर तेजल फाइनेंशियल सर्विसेज के पार्टनर अंशुल मालू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। समाजसेवा और मानवता के इस उद्देश्य से आयोजित कैंप में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, हाइट-वेट चेकअप जैसी स्वास्थ्य सेवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गई। आयोजक अंशुल मालू ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि रक्तदान एक महादान है और समाज की भलाई के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे। नंदगांव ब्लड बैंक के फनेन्द्र जैन एवं उनकी टीम का विशेष सहियोग रहा।

### 91 वरिष्ठजन करेंगे अयोध्याधाम की यात्रा

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के 91 वरिष्ठजनों को 18 से 21 दिसंबर तक अयोध्या धाम की यात्रा कराई जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

### वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** कृषक रत्न पुरस्कार राज्य अलंकरण से सम्मानित डोंगरगढ़ विकाखंड के ग्राम पारागांवखुर्द के किसान एनेश्वर वर्मा द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव सीड हब दलहन योजना अंतर्गत 7 एकड़ में बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत अरहर किस्म के छत्तीसगढ़ अरहर 2 (सावित्री) लिया गया है। खरीफ - 2025 परिक्षेत्र भ्रमण के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक अतुल डांगे एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम राजनांदगांव से डॉ. नीरज टोपो द्वारा इसका निरीक्षण किया गया।

### कर्मचारी संघ के कार्यक्रम का शुभारंभ 7 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एकता अभियान साथी सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगामी 7 दिसंबर को रायपुर प्रांतीय कार्यालय में प्रारंभ होगा। इस मौके पर आयोजित बैठक में सात सूत्री मांगों पर चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## अब तक 123 प्रकरणों में पौने 5 करोड़ का अवैध धान और 7 वाहन जब्त

# 5 प्रकरणों में साढ़े 6 लाख का 215 क्विंटल अवैध धान जब्त

## कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा रविवार को कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 68 हजार 360 रुपए मूल्य के 215.60 क्विंटल (539 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 123 प्रकरणों में 4 करोड़ 85 लाख 87 हजार 726 रुपए मूल्य के 15673.46 क्विंटल (39184 बोरा) अवैध धान एवं 7 वाहन जब्त किया गया है।



### सख्त कार्रवाई के निर्देश

जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बड़े मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है, जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

### सतत निगरानी से कोचियों में हड़कंप

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 3 प्रकरण में 5 लाख 75 हजार 360 रुपए मूल्य के 185.60 क्विंटल (464 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 93 हजार रुपए मूल्य के 30 क्विंटल (75 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 49 प्रकरणों में 2 करोड़ 76 लाख 54 हजार 480 रुपए मूल्य के 8920.80 क्विंटल (22302 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 36 प्रकरण में 95 लाख 87 हजार 866 रुपए मूल्य के 3092.86 क्विंटल (7732 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 38 प्रकरणों में 1 करोड़ 13 लाख 45 हजार 380 रुपए मूल्य के 3659.80 क्विंटल (9150 बोरा) अवैध धान एवं 3 वाहन जब्त किया गया है।

## गीता जयंती महोत्सव पर हेमू कालानी नगर में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- गीता जयंती पर शोभा यात्रा एवं सत्संग का होगा आयोजन

धर्मशास्त्र भगवत गीता की जयंती कल 01 दिसंबर को संत कंवरराम सेवा समिति द्वारा हेमू कालानी नगर में लगातार पांचवे वर्ष को भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य पृथ्वीराज परियानी ने बताया कि भगवत गीता मनुष्य जन्म को मोक्ष प्रदान करने का ग्रंथ है। जिसमें भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए ज्ञान का वर्णन है। इसमें हमें कर्म, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का उपदेश श्रीकृष्ण देते हैं।

संत कंवरराम समिति के वासुदेव मोटलानी एवं विजय परियानी ने बताया कि 01 दिसंबर को शाम 4 से 5 बजे शोभायात्रा सतराम धाम झंडा साहब गली नंबर 3 से निकलेगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं कलश एवं गीता का ग्रंथ माथे पर लेकर चलेगी। रात्रि 8 से 10 बजे तक झंडा साहब गली नंबर 3 में भागीरथ विश्वकर्मा द्वारा गीता पर सत्संग का व्याख्यान किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसादी का आयोजन होगा।

## पीएम मोदी ने अनेक योद्धा को याद कर राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता को रखा बरकरार

**राजनांदगांव।** प्रथम महिला वीरांगना रानी चेन्नम्मा की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में मिनिष्ट्री ऑफ कल्चर एवं छत्तीसगढ़ सर्वजन विकास समिति द्वारा राजनांदगांव के गुजराती शैक्षणिक संस्थान के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते कहा कि स्वतंत्रता के बाद जिन विभूतियों को भुला दिया गया था, उन्हें जनमानस से अवगत कराना प्रधानमंत्री की मातृ संस्था की शानदार पहल है। उन्होंने रानी चेन्नम्मा के योगदान को याद करते कहा कि कट्टूर की रानी चेन्नम्मा जैसी वीरांगनाएं और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे योद्धा, जिन्होंने 562 रियासतों का एकीकरण कर राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बरकरार रखा। आज उन्हें पूरा भारत देश नमन करता है। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि विगत तीन दिनों से स्कूली बच्चों को रानी चेन्नम्मा के जीवन पर आधारित गाथाएं सुनाई गई और प्रोजेक्टर के माध्यम से उनके साहस और बलिदान से परिचित कराया गया। इससे बच्चों को अमर गाथा से प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से सवाल-जवाब भी किए गए। जिनका अधिकांश बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा आयोजित विशाल बाल मेला आकर्षण का केंद्र रहा। बाल मेले के आकर्षक आयोजन में गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी प्रभावी शिरकत की। संस्था उपाध्यक्ष पवन पटेल ने बच्चों को जीवन जीने की कला एवं सफल इंसान बनने का गुर बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीए रुपम सोनछात्रा ने किया।

## मधु ने मोतीपुर में बनाया स्वयं का आवास

**राजनांदगांव।** गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को अपने स्वयं के आवास का सपना साकार कराने केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई। आवास योजना के प्रथम चरण में लाभ से वंचित परिवारों को योजना का लाभ देने शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 गत वर्ष से लागू की गई। राजनांदगांव नगर निगम द्वारा द्वितीय चरण के आवास योजना का लाभ देने प्रचार-प्रसार कर प्रक्रिया की जा रही है। वर्षों से किराये के मकान में निवास करने वाली मधु वर्मा ने योजना का लाभ लेने मोतीपुर में जमीन लेकर आवास बनाने हेतु निगम में आवेदन कर प्रक्रिया पूर्ण की और स्वीकृति अनुसार आवास निर्माण कर प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की छत्तीसगढ़ में पहली हितग्राही बन नगर का गौरव बढ़ाया।

### अब 45 वर्ग मीटर पर मकान

आवास योजना के पात्रता के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत पहले 30 वर्गमीटर में आवास निर्माण करना था, जिसे बढ़ाकर अब 45 वर्गमीटर कर दिया गया है। इसी प्रकार स्वयं की भूमि में आवास बनाने वाले हितग्राहियों को मिलने वाली राशि 2 लाख 26 हजार रुपए को बढ़ाकर अब 2 लाख 50 हजार रुपए कर दिया गया है। जिससे अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आवास योजना 2.0 के तहत राजनांदगांव निकाय में अभी तक 736 नए आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## मतदाताओं की सजगता, आगे की परेशानियों से बचाएगी

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने शनिवार को छुरिया मंडल की बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के विषय में जानकारी ली और प्राप्त आंकड़ों पर संतोष व्यक्त करते कहा कि यहां के मतदाता जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मतदाता जागरूक होकर बीएलओ को सहयोग दें और अपने परिगणना फार्म को अवश्य भरे। इस अवसर पर महामंत्री डीकेश साहू, हीरेंद्र साहू एवं विधानसभा प्रभारी लकी भाटिया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने एसआईआर पर अपने उद्गार व्यक्त किए।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा, किरण वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत, हिरेंद्र साहू, एमडी ठाकुर, डीकेश साहू, जगजीत सिंह भाटिया, तरूण लहरवानी, रविन्द्र वैष्णव, बोधन साहू, संजय सिन्हा, अजय पटेल, बीरम मांडवी, अनीता मांडवी, मीना पुजेरी, भेषबाई साहू, आत्माराम चंद्रवंशी, भूषण नेताम, कामता साहू, खिलेश्वर साहू, शेखर भारद्वाज, रामकुमार मांडवी, शिशुपाल साहू, मायाराम साहू, खिलेद्र साहू, नैन सिंह पटेल, मनीष त्रिपाठी, कुमार साय साहू, कौशल चंद्रवंशी, राजेश्वर धुर्वे, पद्मभूषण साहू, भूखन धनकर, प्रीतम साहू सहित बड़ी संख्या में छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला मंडल के शक्ति केंद्र बूथ के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## शराब परिवहन, आरोपी पकड़ाया

- थाना सोमनी पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर लगातार अवैध शराब के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज सोमनी पुलिस ने 20 पौवा शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने अवैध शराब बिक्री, असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों व सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। सोमनी थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम ने आज अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले लालाराम साहू पिता बिसौहाराम साहू 40 साल निवासी ग्राम नवागांव थाना सोमनी को




गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 20 पौवा शोले देशी प्लेन शराब, 3.6 लीटर बरामद किया है। जिसकी कीमती लगभग 1600 रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस ने आरोपी से अवैध शराब परिवहन में लगी एक टीवीएस एक्सेल मोटर साइकिल भी कब्जे में लिया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## फिट इंडिया संडे साइकिल रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का दिया गया संदेश

भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए रविवार को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में सुबह मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फिट इंडिया संडे साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्रभारी सह मुख्य वॉलीबॉल कोच केसी त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार प्रति रविवार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने पूरे भारत में फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन किया जाता है। जिसमें आज मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया।



### अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाना जरूरी

संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक, प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को फिट इंडिया संडे साइकिल रैली कार्यक्रम में शामिल होने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सदस्य प्रेस क्लब अंकालू साहू ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन साइकिल चलाना चाहिए। मंच संचालन प्रदीप शर्मा ने किया। फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों के अतिरिक्त सांई ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी एवं स्टाफ सुकदेव राउत, मुन्नालाल जायसवाल, अर्चनादेवी चौधरी, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन, जयहिंद निषाद, कुमारू राम पटेल एवं राधा राजपूत उपस्थित थे।

## धान की फसल नहीं लेने तीन गांव ने लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में भू-जल स्तर के लगातार गिरावट के मद्देनजर ग्राम पंचायतों एवं किसानों की जागरूकता प्रेरक है। जिसकी एक बानगी डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मेढ़ा, रेंगाकठेरा एवं मुंदगांव में दिखाई दी, जहां ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रीष्मकाल में जल स्तर के गिरावट को ध्यान में रखते रबी सीजन में धान उत्पादन को पूर्णतः प्रतिबंध करने का प्रस्ताव पास किया गया है। जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायतों में की गई यह पहल प्रेरक है।

इसकी जगह कम पानी उपयोग वाली अन्य दलहन-तिलहन फसल के लिए प्रोत्साहित किया गया। पानी बचाने के लिए ग्राम पंचायत में जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। किसानों को धान के बदले दलहन, तिलहन, लघु धान्य फसल अंतर्गत मक्का, रागी, गेहूं, चना एवं अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सोख्ता का निर्माण किया जा रहा है। वर्षा जल संचयन के लिए मिनी परकोलेशन टैंक, निजी सोकपीट का निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामसभा में नागरिकों को कम पानी की आवश्यकता तथा अधिक उत्पादन वाली फसलों के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

## कोचियों-बिचौलियों पर शिकंजा कसने करें कार्य

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री आपरेटर होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने रविवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर जिले के सभी समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर ईमानदारी एवं टीम भावना के साथ कार्य करें। कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील समितियों में रकबा समर्पण की गहन समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जिन समितियों में धान की आवक को देखते बफर लिमिट बढ़ाई गई है, वहां आधिपत्य लेकर धान रखने सुरक्षित स्थान रखें। हल्की बारिश के दृष्टिगत समितियों में धान के सुरक्षित रख-रखाव के लिए कैप कव्हर, ड्रेनेज




एवं अन्य व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों पर शिकंजा कसने सभी सक्रियता के साथ कार्य करें। धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान परिवहन को रोकने कोचियों एवं बिचौलियों से सर्तक रहे एवं निगरानी रखें। कलेक्टर ने कहा कि धान का सत्यापन शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगा, इसे ध्यान में रखते सजगता के साथ कार्य करें। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप शुद्ध धान खरीदी का कार्य प्राथमिकता से करें। इस दौरान खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, डीएमओ हीना खान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सुधीर सोनी, एसडीएम डोंगरगढ़ एम.भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतमचंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।

### जानकारी मिलने पर सूचित करें

कलेक्टर यादव ने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर एसडीएम को तत्काल सूचित करें। सभी अपनी ड्यूटी पर प्रतिबद्धतापूर्वक तैनात रहे। उन्होंने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील समितियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को धान बिक्री करने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखें। अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध धान परिवहन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता के धारा 318 (4) के तहत धोखाखड़ी के तहत जुर्म दर्ज होगा। अवैध धान परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों एवं अवैध धान परिवहन में संलिप्त शासकीय कर्मचारियों के संबंध में भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई की विधिक जानकारी प्रदान की।

## मन की बात समाज को नई ऊर्जा देने वाला प्रेरक मंच : विक्रांत सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पिपरिया स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 128 वीं कड़ी का जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक श्रवण किया। मन की बात मे पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति, जनभागीदारी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले अभियानों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जनसहभागिता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रनिर्माण में युवा शक्ति की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही सामाजिक एकता, विकास कार्यों और हर क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम बाद जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं बल्कि जनमानस को दिशा देने और प्रेरित करने वाला अभियान है। उन्होंने कहा कि देशभर की सकारात्मक घटनाओं और प्रेरक व्यक्तित्वों को सामने लाकर प्रधानमंत्री समाज में नई ऊर्जा और उत्साह भरते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मन की बात सुनने से आम कार्यकर्ताओं को नए विचार और रचनात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि मन की बात सुनने से आम कार्यकर्ताओं को नए विचार और रचनात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहन मिलता है। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, दिनेश वर्मा, रूपेंद्र रजक, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, लखनलाल साहू, कृष्णा वर्मा, दीना जंघेल, ऋषि सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे जिन्होंने पीएम के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और उसे धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।


जिंदगी का
बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
जॉन डियर ट्रैक्टर
वाजिब दाम में उपलब्ध
आज ही बुक क्रे अपना मनपसंद
जॉन डियर ट्रेक्टर
टेक्नोलॉजी
जो बदल दे
जिंदगी
5050
4WD
5050 D
सबसे आसान
फाइनेंस
के साथ !
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड,
खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 8103024569 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### संध्या साहू का वाणिज्य कर निरीक्षक पद पर चयन, दी बधाई



**हरिभूमि कुण्डा।** हाल ही में लोकसेवा राज्य आयोग 2024 का सूची जारी हुआ जिसमें संध्या साहू का चयन वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है। वर्तमान में संध्या साहू महिला एवं बाल विकास कुण्डा में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि सफलता उनके कदम चूमती है जो कभी हार नहीं मानते मेहनत और और विश्वास से ही जीवन में मंजिल मिलती है, संध्या साहू मुंगेली जिला के पथरिया ब्लॉक के ग्राम बैजना निवासी है उनके पिता सुरेश कुमार साहू शिक्षक एवं माता गृहणी है। मिली जानकारी के अनुसार संध्या साहू 2021 में पीएससी की तैयारी की थी पर चूक गई, लेकिन 2023 में महिला एवं बाल विकास में पर्यवेक्षक के रूप में चयन हुआ और 2024 में फिर मेहनत ने रंग लाया और वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर चयन हुआ। वहीं इस सफलता की श्रेय अपने माता-पिता और परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी को दी। उनके चयन पर एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुण्डा बृजेश सोनी, देवदत्त चंद्राकर, सूरज यादव, सालिक यादव, कलीराम चंद्राकर सहित समस्त स्टॉप ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### शासकीय हाई स्कूल भगतपुर के कक्षा नवमी के 31 बालिकाओं को सायकिल वितरण किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** शनिवार को शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में शासन के महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 31 बालिकाओं को सरपंच कपिल चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति, रामफल चंद्रवंशी पूर्व सरपंच की उपस्थिति में सायकल वितरण किया गया। सायकिल पाकर बालिकाओं का चेहरा खुशी से खिल उठा। इस अवसर पर कपिल चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, प्राचार्य रामकुमार कौशिक, श्रीमती शकुन चंद्रवंशी व्याख्याता, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी व पालकगण सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ग्राम सैहामालगी में क्षेत्रीय किसानों को गेहूं, चना व मसूर बीज का वितरण किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी केंद्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य की बीजेपी सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि किसानों को निरंतर उन्नत किस्म का बीज वितरण किया जा रहा है, ताकि फसल की अच्छी पैदावार अधिक से अधिक लाभ हो सकें तथा किसानों के आय को बढ़ाया जा सके। इसी कड़ी में ग्राम कोदवा कला, गोबर्रा, सैहामालगी, बंशापुर, प्राणखैरा के किसानों को बीज वितरण किया गया, जिसमें छत्र किशोर तिवारी, लेखराम सिंगरौल, शिवनंदन चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, श्रवण चंद्रवंशी, राधेलाल चंद्रवंशी, रामविलास तिवारी,दीपक चंद्रवंशी, मालिकराम जायसवाल, सुखिया बाई लहरें सहित बड़ी संख्या में सैहामालगी के ग्रामीणजन उपस्थित थें।

### पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषि विभाग कबीरधाम द्वारा पायलट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन 28 नवंबर को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला-कवर्धा में किया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी, डॉ बीपी त्रिपाठी द्वारा बच्चों को स्वाल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें मृदा नमूना संग्रहण, नमूना विश्लेषण, संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग एवं फसलों के चयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि मृदा में जैविक खाद एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर फसल लागत में कमी लाते हुए उत्पादन में वृद्धि किस प्रकार की जा सकती है। कृषि विभाग से डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सुशील कुमार वर्मा के द्वारा छात्रों को मृदा स्वाथ्य प्रबंधन एवं स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से कृषि कार्यों विभिन्न पहलुओं के विषय पर चर्चा की गई एवं मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही जिला कबीरधाम के भौगोलिक मृदा संरचना के विषय में स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा किया गया।

### ग्रामीणों के साथ बैठकर चर्चा करते हुए योजनाओं की ली सम्पूर्ण जानकारी

# वनांचल क्षेत्र में नरेगा व पीएम आवास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे, आयुक्त तारन प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोना में बनाए जा रहे हैं प्रधानमंत्री आवास अमृत सरोवर सहित अन्य निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण आयुक्त सह संचालक तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान किया गया। इस दौरान ग्राम बिरकोना में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत अमृत सरोवर के समीप पौधरोपण करते हुए पर्यावरण के लिए सभी को जन जागरूक करने का आह्वान किया।

एक दिवसीय प्रवास के दौरान श्री सिन्हा जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत लोखान के वनांचल ग्राम कमराखोल पहुंचकर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए जन मन आवास अंतर्गत बन रहे पक्के घरों का निरीक्षण किया। आवास हितग्राही झिमलाल, सुनऊराम धुर्वे एवं कुंवारिया बाई बैगा सहित अन्य हितग्राहियों के जनमन आवासों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की राशि प्राप्त होने मजदूरी भुगतान सहित संपूर्ण जानकारी ली और इस दौरान हितग्राहियों के जॉब कार्ड का निरीक्षण भी किया। हितग्राही शिव कुमार के लिए निर्मित मुर्गी शेड का निरीक्षण करते हुए आयुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि पशुपालन विभाग से हितग्राहियों को सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे आजीविका की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले के वनांचल क्षेत्रो में निर्माण सामग्रियों को प्रदाय करने के लिए बिहान योजना की डीलर दीदियां कार्यरत हैं जो उचित दर पर निर्माण सामग्री आवास हितग्राहियों को उपलब्ध करा रही है और इससे समूह का आजीविका संवर्धन हो रहा है।

**आजीविका एवं ग्रामीण क्षेत्र विकास की दिशा में अग्रसर**



ग्राम कमराखोल में कार्य करने वाली डीलर दीदियों द्वारा श्री सिन्हा को बताया गया कि सेंट्रिक प्लेट के व्यवसाय से उनकी महिला समूह द्वारा दस हजार से अधिक का व्यापार कर चुकी है। तथा वह अपने गांव सहित आसपास के ग्रामीणों को कम दर पर निर्माण सामग्री उपलब्ध करा रही है। निरीक्षण के दौरान ग्राम खामी पहुंचकर प्रधान संस्था द्वारा कराए गए डबरी निर्माण में मछली पालन के कार्य को भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी सहित जनपद पंचायतो के सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यक्रम, अधिकारी विकासखंड समन्वयक जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### छत्तीसगढ़ टीम में कवर्धा से अभिषेक चंद्रवंशी का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कबीरधाम जिला से इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लींग में कवर्धा शहर के कैलाश नगर से अभिषेक चंद्रवंशी (राजा) का चयन हुआ है। जिससे कवर्धा जिला गौरवान्वित महसूस कर रही है। गौरतलब हो कि इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लींग की प्रथम विनिंग प्राइज 1 करोड़ रुपए है। इन्होंने हाल ही में 11 सितंबर को रायपुर में हुए ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन कर चयन कर्ताओं को काफी प्रभावित किया। उनके चयन से क्रिकेट जगत सहित पूरे कवर्धा शहर में खुशी का माहौल है। इस ट्रायल्स में देशभर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि 1 से 3 दिसंबर तक बैंगलोर में यह मैच होने है। जिसके लिए वो कवर्धा से रवाना हो चुके हैं। परिजन सहित पूरे शहरवासियों ने उन्हें बधाई, शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिक्षक प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

## मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ठंड बढ़ने के साथ खेल का भी महत्व बढ़ जाता है जो शरीर को ऊर्जा से भर देता है। शिक्षक प्रीमियर लींग अपने सातवें संस्करण के साथ आ गया है। जिले के शासकीय शिक्षकों के मध्य खेले जाने वाले इस टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के इस वर्ष के संस्करण का भव्य शुभारंभ रविवार को नगर के प्रतिष्ठित स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका कवर्धा ने भारत माता के विधिवत तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर मैच का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद योगेश, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल उपस्थित थें। अतिथियों ने शिक्षकों के इस प्रयास की प्रसंशा करते हुए इसे मन और मस्तिष्क के स्वस्थ रखने हेतु बेहतर विकल्प के रूप में सराहना की। इस वर्ष कुल 14 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है, जिन्हें पहले 4 पूल में बाटा गया है, यहां से आगे जाने के लिए टीम को कम से कम 2 मुकाबले जीतने होंगे । उसके बाद क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे । प्रतियोगिता के मैच केवल शनिवार को दोपहर बाद, रविवार एवं अवकाश के दिवस ही खेले जाते हैं। आज के दिवस कुल 2 मैच खेले गए पहला मैच रेंगाखार और उड़िया के बीच खेला गया। जिसमें रेंगाखार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 96 रन बनाए वहीं उड़िया की टीम बाद में बल्लेबाजी करने उतरी और 10 ओवर में 9 विकेट पर मात्र 53 रन ही बना पाई , इस तरह पिछले वर्ष की चैंपियन रेंगाखार ने इस सत्र के अपने पहले मैच को धमाकेदार तरीके से 43 रनो से जीत लिया। दिवस का दूसरा मैच कुई और सूरजपुरा के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सूरजपुरा मात्र 53 रन बना पाई, जिसके जवाब में कुई ने 5 ओवर में ही मैच जीत लिया। अपनी शानदार गेंदबाजी से उत्तर तिलगाम ने हैट्रिक विकेट ली और कुई की जीत के हीरो को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार अपने नाम किया । रविवार के दोनों मैच शानदार रहे अगले मैच अगले शनिवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन भोरमदेव शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

### उन्नत फसल के लिए किसानों को किया गया बीज वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

छत्तीसगढ़ राज्य की बीजेपी सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान हितैषी नीति ने निश्चित रूप से किसानों के हित में निरंतर कार्य किया। जिस पर अश्वनी यदु ने बताया कि ग्राम दामापुर केंद्र में किसानों को निरंतर उन्नत किस्म का बीज वितरण किया जा रहा है, ताकि फसल पैदावार अधिक से अधिक हो सके व किसानों के आय को बढ़ाया मिल सके। उसी कड़ी में कोदवा कला, गोबर्रा, सैहामालगी, बंशापुर, प्राणखैरा के किसानों को बीज वितरण किया गया। जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति भाजपा के सदस्य अश्वनी यदु ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय की किसान हितैषी नीति स्पष्ट नजर आती है, किसान सम्मान निधि ने पूरे देश के किसानों का सम्मान किया है, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार मिलकर किसान हित में अनेकों योजनाएं चला रही है। किसानों की आय कैसे बेहतर से बेहतर किया जाए, इस पर सर्वोच्च स्तर पर कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान एवं 21 सौ प्रति क्विंटल का दाम जैसे फैसले ने किसानों के आय को दोगुनी करने के दिशा में सबसे बड़ा फैसला है, निश्चित ही किसानों का आय बढ़ा है एवं किसानों की चेहरे में रौनक आई है। बताया जाता है कि उन्नत किस्म के बीज किसानों तक पहुंचाना ये संदेश है कि बीजेपी की सरकार कितनी गंभीरता के साथ किसानों के हित में कार्य कर रही है। इस बीज वितरण के दौरान संतोष ध्रुवें, राकेश सिंगरौल, अशोक सिंगरौल, मौजीराम कश्यप, रज्जू सिंगरौल, हेमंत जायसवाल, धर्मजीत खांडे, सालिक राम साहू एवं आसपास क्षेत्र के कृषक गण उपस्थित थें।

### प्रज्ञा अभियान पत्रिका का किया विमोचन



**हरिभूमि कुण्डा।** रविवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ पेन्ड्रीकला व रापा द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्भ भाई पटेल के 150 वी वर्ष गांठ एवं चंदनीय कुर्मी जिला स्तरीय सम्मेलन कुण्डा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शांति कुंड हरिद्वार द्वारा प्रकाशित प्रज्ञा अभियान पत्रिका का विमोचन वितरण माता के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 में बैजनाथ चंद्राकर समाज सेवी, ममता चंद्राकर पूर्व विधायक, नन्दलाल चंद्राकर एवं समाज के वरिष्ठ एवं सामाजिक जनो की उपस्थति मे प्रक्षा अभियान पत्रिका का वितरण एवं विमोचन किया गया। गायत्री प्रज्ञा पीठ के निःशुल्क विवाह पुत्रवन संस्कार, नामकरण पूरे वैदिक संस्कारों के साथ निःशुल्क किया जाता है। जिसके संबंध में प्रज्ञा पीठ व्यवस्थापक द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

## वनांचल ग्राम ढोलबज्जा में लगाई गई रात्रि चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा सह संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तारन प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने विकासखंड बोड़ला के वनांचल एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम ढोलबज्जा में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर कहा की सभी के घर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं जनमन आवास से पक्के हो जाएंगे। निर्माण कार्य सभी के लिए पात्रता अनुसार स्वीकृत किया जा रहा है और ग्रामीण अपना स्वयं का आवास बना रहे हैं। ग्रामीणों को आवास बनाने के लिए महात्मा गांधी नरेगा से 90 से 95 दिवस का रोजगार मिल रहा है और उसके साथ ही लगभग 23 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से प्राप्त हो रहा है। चौपाल में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि जनमन आवास योजना से उनके खाते में सरकार द्वारा 2 लाख रुपए किस्तों में भेजा जा रहा है। इसके साथ ही शौचालय का लाभ एवं अन्य शासकीय योजनाओं से आजीविका के लिए नए रास्ते खोलने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

रात्रि चौपाल में उपस्थित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों को जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि अपने पक्के आवासों के छत में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के माध्यम से बहुत ही कम दर पर सोलर पैनल की स्थापना कर सकते हैं। इस योजना का लाभ हितग्राही मात्र 10 हजार रुपए अपनी ओर से लगाकर शेष राशि सरकार की ओर से सब्सिडी के रूप में बचा सकते है। 10 हजार रुपए के लिए भी सभी बैंकों द्वारा बहुत ही कम दरों के ब्याज पर हितग्राहियों को लोन की सुविधा मिल रही है। सभी ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वह वैकल्पिक ऊर्जा के इस महा अभियान में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना का लाभ उठाकर महीने के बिजली बिल में होने वाले खर्चे को बचा सकते है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने ग्रामीणों से कहा कि वह अपना घर स्वयं बनाएं। ग्राम ढोलबज्जा को आदर्श ग्राम के रूप में बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। सड़क बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा पक्का छत एवं आजीविका के लिए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ग्राम विकास के संबंध में ग्रामीणों से वृहद चर्चा की गई।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया

# मैनपुरी में दो दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

- छात्र छात्राओं ने खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



ग्राम पंचायत मैनपुरी में जोन स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया। जो 28 और 29 नवंबर तक आयोजित इस खेल समारोह में 11 संकुल केन्द्र के छात्र छात्राओं ने खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें रंगोली, मेहंदी, खो-खो, कबड्डी, 100-200 मीटर दौड़, सुई धागा, गोली चम्मच दौड़ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल के उद्घाटन एवं समापन समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे, तहसीलदार परमेश्वर मांडवी, जनपद सदस्य श्रीमती इंदु पटेल, बीआरसी श्रीकेश लाल, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती संगीता साहू, उप सरपंच नीलकंठ पटेल, एसएमसी अध्यक्ष कौशल साहू एवं नवनियुक्त प्राचार्य दीप कुमार साहू, पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रीना सोनवानी, संकुल समन्वयक भागवत कौशिक उपस्थित थें। जिसमें 11 संकुलों के विद्यार्थियों ग्राम मैनपुरी, सोनपुरी रानी, कोठार, नवीन कन्या, शक्ति वार्ड, आदर्श कन्या, करपात्री, अमलीडीह, समनापुर, चीमागोदी एवं छीरहा संकुल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

### छत्तीसगढ़ जेल विभाग में पहली बार शिक्षिका द्वारा विशेष ध्यान प्रशिक्षण



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार जेल विभाग में एक शिक्षिका विधि तिवारी द्वारा 26 से 30 नवंबर तक अपराधियों को विशेष ध्यान, विजुअलाइजेशन और मानसिक संतुलन का प्रशिक्षण दिया गया। यह पहल जेल सुधार तथा अपराधियों के आंतरिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण और अद्वितीय कदम मानी जा रही है। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व शिक्षिका विधि तिवारी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी नवीन ध्यान विधियां, विजुअलाइजेशन तकनीक, नैतिक शिक्षा और मानसिक तनाव प्रबंधन पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया। अपराधियों का फीडबैक हमारे जीवन में पहली बार ऐसा अनुभव हुआ। प्रशिक्षण के बाद लिए गए फीडबैक में अपराधियों ने बताया कि यह उनके जीवन का पहला अनुभव था जब किसी ने उनके मानसिक स्वास्थ्य, आंतरिक शांति और भावनात्मक सुधार पर ध्यान दिया। उन्होंने इसे अत्यंत प्रभावी, सुकून देने वाला और जीवन बदलने वाला अनुभव बताया। कई बंदियों ने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण उन्हें नई सोच, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण दे रहा है। उनका मानना था की इस तरह की ध्यान विधि पहली बार की गई जो उन सभी के लिए पहली बार किया गया था। बंदियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए अपील किया कि ऐसा प्रशिक्षण लगातार होना चाहिए। शिक्षिका विधि तिवारी का कहना है कि अपराधियों में परिवर्तन लाने का सबसे प्रभावी तरीका उनकी आंतरिक क्षमता को जागृत करना, मानसिक संतुलन बढ़ाना और सकारात्मक सोच विकसित करना है। ध्यान, विजुअलाइजेशन और नैतिक शिक्षा उनके भीतर नई ऊर्जा, नई योजना और जीवन जीने की नई दिशा पैदा कर रहे हैं। सरकार को इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने पर विचार करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### 1.958 किलो ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**कवर्धा।** मुखबिर की सूचना पर बोड़ला पुलिस ने गांजा तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन गांजा तस्करों के पास से 1.958 किलो ग्राम गांजा एक वाहन जप्त किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी ईदरिस खान उर्फ पिंटू पिता नियाज अहमद उम्र 25 वर्ष निवासी पोड़ी तथा पीछे बैठे सहयात्री रामनाथ यादव पिता आत्माराम यादव उम्र 25 वर्ष निवासी जैताटोला के खिलाफ अपराध क्रमांक 198/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# कवर्धा में नहीं थम रही धर्मांतरण संबंधी संदिग्ध गतिविधियां, शिकायत पर जांच शुरू

## धर्मविशेष के लोगों ने प्रार्थना सभा के नाम पर जुटाई लोगों की भीड़, बड़ी संख्या में पहुंची थी महिलाएं

- हिंदू संगठनो के मौके पर पहुंचने के बाद भागे लोग, शिकायत के बाद मामले की जांच में जुटी कवर्धा कोतवाली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों और उस पर पुलिस प्रशासन की कार्यवाही के बाद भी जिले सहित जिला मुख्यालय कवर्धा में धर्मांतरण संबंधी संदिग्ध गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के रामनगर स्थित एक मकान में एक बार फिर ऐसी ही संदिग्ध गतिविधि सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा के रामनगर स्थित एक मकान में रविवार को संदिग्ध धार्मिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरूष तथा युवतियां शामिल थी। आरोप है कि इस संदिग्ध धार्मिक प्रार्थना सभा में लोगों को एक धर्म विशेष का प्रभाव व तथा कथित चमत्कार बताकर उन्हे प्रभावित किया जा रहा था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद हिन्दू संगठनो से जुड़े लोगों ने मौके पर पहुंचकर इसकी जानकारी संदिग्ध धार्मिक प्रार्थना सभा के आयोजकों से लेनी चाही लेकिन बताया जाता है कि उन्होने किसी भी प्रकार की जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया।

बाद में इसकी जानकारी कवर्धा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ने आयोजन की गतिविधियों पर निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस ने आयोजकों और उपस्थित लोगों से पूछताछ करते हुए बताया कि पूरी घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हिन्दू संगठनो के मौके पर पहुंचते ही कार्यक्रम स्थल पर भारी अफरा-तफरी मच गई।

कई लोग अचानक पीछे के रास्तों से भागते देखे गए, जिससे आयोजन की प्रकृति और उद्देश्य को लेकर और भी सवाल उठ रहे हैं। बहरहाल पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से कुछ सामग्री जब्त की है और मामले की जांच की जा रही है।



### पहले भी सामने आ चुके ऐसे कई मामले

यहां बताना लाजिमी होगा कि गत 18 मई की दोपहर को भी कवर्धा शहर के आदर्श नगर के एक मकान में प्रार्थना सभा व झाड़ फूंक करने के नाम पर लोगों को एकत्र कर धर्मातरण के प्रयास किए जा रहे थे। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार किया था। लेकिन बावजूद इसके शहर में इस तरह की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है जो निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

## कार्रवाई: झारखंड के जमशेदपुर से आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

# नकली शराब मामले में दो और अंतर्राज्यीय आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पुलिस द्वारा हाल ही में जिले के ग्राम पोंड़ी में खुलासा किए गए नकली देशी प्लेन शराब निर्माण गिरोह प्रकरण में इस नेटवर्क के अगली कड़ी तक पहुंचते हुए अंतरराज्यीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। लगातार निगरानी, तकनीकी विश्लेषण और नेटवर्क मैपिंग के आधार पर कबीरधाम पुलिस की विशेष टीम झारखंड के जमशेदपुर पहुंची, जहां दबिश देकर इस गिरोह से जुड़े दो बड़े सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें आरोपी राकेश कोहली पिता स्व. नविन्दर कोहली आयु 39 वर्ष, निवासी न्यू सीताराम डेरा 67/ए थाना सीताराम डेरा, जमशेदपुर जिला पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) तथा मोहन प्रसाद गुप्ता पिता स्व. बैजनाथ साव आयु 67 वर्ष, निवासी हरहरगुटटू जगदीषपुर रोड, जमशेदपुर थाना बागबेडा, जिला पूर्वी सिंहभूम झारखंड शामिल हैं। गिरफ्त में आए आरोपियों में आरोपी मोहन गुप्ता ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह फर्नीचर पॉलिश का व्यवसाय करता था और इसी बहाने वह कोलकाता के होलसेल केमिकल डीलरों से बड़ी मात्रा में स्पिरिट (केमिकल) मंगवाता था। इस स्पिरिट को वह झारखंड में चल रहे अवैध शराब नेटवर्कों को सप्लाई करता था। इसी दौरान वह दूसरे आरोपी राकेश कोहली के माध्यम से कबीरधाम जिले के पोड़ी क्षेत्र में पकड़े गए आरोपियों नंद कुमार और साजिद के गिरोह को भी लंबे समय से नकली शराब बनाने के लिए स्पिरिट (केमिकल) भेज रहा था। वहीं आरोपी राकेश कोहली ने बताया कि वह झारखंड में काफी समय से विभिन्न ब्रांड की नकली इंग्लिश शराब तैयार कर अपने नेटवर्क को संचालित कर रहा था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी साजिद के जमशेदपुर निवासी होने के कारण दोनों का संपर्क पहले से था, और इसी पहचान के आधार पर राकेश कोहली पोड़ी में सक्रिय गिरोह से जुड़ गया। इस मामले में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि राकेश कोहली नकली शराब निर्माण की सामग्री मोहन गुप्ता के माध्यम से बस के द्वारा भिजवाकर पोड़ी आया और यहां के गिरोह को नकली शराब बनाने की ट्रेनिंग भी देकर गया था। इसके अलावा वह झारखंड में नकली ढक्कन, स्टिकर और पैकिंग सामग्री तैयार करवा कर इस गिरोह को नियमित रूप से भेजता था।



### पुलिस ने किया उन्नत तकनीकी साधनों का उपयोग

इस कार्रवाई में पुलिस ने उन्नत तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए कॉल डिटेल रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन, वित्तीय गतिविधियों, ट्रांजेक्शन पैटर्न, रूट ट्रेसिंग और डिजिटल नेटवर्क का गहन विश्लेषण किया। टीम ने लगातार दोनों आरोपियों पर नजर बनाए रखी और उचित समय पर झारखंड में दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस की सटीक योजना, पेशेवर समझ, जोखिम प्रबंधन और अनुशासित फील्ड एक्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस गिरफ्तारी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम के निरीक्षक उमाशंकर राठौर, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक वैभव सिंह कलचुरी, आरक्षक रोशन विश्वकर्मा तथा आरक्षक नारायण पटेल की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही।

### पहले ही दबोचे जा चुके हैं पांच आरोपी

यहां बताना लाजिमी होगा कि नकली शराब निर्माण मामले में पहले ही पुलिस आरोपी नंद कुमार कुर्रे पिता फागू राम, उम्र 34 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, इस्लाम उर्फ सुद्दू पिता अरमान खान, उम्र 45 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, शेख साजिद पिता शेख सिकंदर, उम्र 28 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, छोटू उर्फ दिनेश चंद्रवंशी पिता मालिकराम, उम्र 26 वर्ष, निवासी कुसुमघटा, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम तथा ईदरिस खान उर्फ पिंटू पिता नियाज अहमद, उम्र 25 वर्ष, निवासी पोड़ी, चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ईदरिस खान उर्फ पिंटू इस नेटवर्क का महत्वपूर्ण मास्टरमाइंड है। वर्तमान में यह थाना बोड़ला में दर्ज गांजा परिवहन प्रकरण में जेल में है।



# मनरेगा के चेकडेम निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता

## सीईओ को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में मनरेगा योजना के तहत चल रहे चेकडेम निर्माण कार्यो में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत केसमर्दा के आश्रित ग्राम झोला और बोदई में हो रहे इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया है कि संबंधित विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कराया जा रहा है और नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि चेकडेम निर्माण स्थल पर सूचना फलक प्रदर्शित नहीं किया गया जिससे पारदर्शिता और जनजवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लग गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय रोजगार उपलब्ध कराना है लेकिन विभाग ने इन कार्यों को ठेकेदारी प्रणाली से कराया है जो योजना के नियमों के खिलाफ है। निर्माण में कापयुक्त मिट्टी, रेत और डस्ट गिट्टी का उपयोग कर कार्य की गुणवत्ता को पूरी तरह दरकिनार किया गया है।

### अधिकारियों ने नहीं किया निरीक्षण

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारी स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की जांच नहीं कर रहे। निर्माण में स्थानीय बोल्डरों का उपयोग कर कार्य किया गया, जो तकनीकी मानकों के विपरीत है। जो विभागीय मिलीभगत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्य के पंचायत मंत्री के गृह जिले में इस तरह की लापरवाही असहनीय है और जिला प्रशासन को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कलेक्टर के बार-बार निर्देशों के बावजूद विभागीय अधिकारी मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरत रहे हैं।

# कोलेगांव हाईस्कूल में छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा नवमीं में अध्यनरत बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। योजना के तहत साइकिल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इससे बालिकाओं को विद्यालय आने जाने में सुगमता आएगी और नियमितता बढ़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. संतोष साहू एवं रामाधार शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के नवनियुक्त प्राचार्य राम कुमार साहू का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डां संतोष साहू, रामाधार शर्मा, सरपंच सुरेश ध्रुर्वे, दिनेश पांडेय, परमेश्वर साहू, व्याख्याता संतोष डहरिया एवं समस्त पालकगण, शिक्षक, छात्र - छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिले का आदिवासी बालक छात्रावास पंडरीपानी सुर्खियों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंडरीपानी में संचालित आदिवासी बालक छात्रावास का एक वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आया है। वायरल वीडियो में जहां कई बच्चे जमीन पर बैठकर भोजन करते नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एक छात्र टेबल पर बैठकर खुलेआम सिगरेट पीता हुआ दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि इस वीडियो के सामने आने के बाद जहां छात्रावास प्रशासन कटघरे में खड़ा नजर आ रहा है वहीं छात्रावास की व्यवस्थाओं और यहां के बच्चों के भविष्य पर भी सवाल खड़ा हो गया। सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आए इस वीडियों को संज्ञान में लेते हुए विभाग के सहायक आयुक्त ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न दोहराई जाएं। अब देखने वाली बात होगी कि सीधे तौर पर आदिवासी बालक छात्रावास में अध्यनरत बच्चों के भविष्य, सेहद और सुविधाओं से जुड़े इस बेहद गंभीर मामले में शासन, प्रशासन किस-किस की जिम्मेदारी तय करता है और उनके विरूद्ध क्या और कब तक कार्यवाही करता है। या फिर दूसरे मामलों की तरह इस मामले को भी आया गया की तर्ज पर नजर अंदाज कर दिया जाएगा है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जमा किया एसआईआर फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जागरूक मतदाता के रूप में केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अपना पुनरीक्षण फॉर्म बूथ लेवल एजेंट के समक्ष जमा किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह महाअभियान पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा चुनाव प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होने अपील करते हुए कहा कि यह हम सभी जिम्मेदार नागरिक और मतदाता का दायित्व है कि समय पर अपना एसआईआर फॉर्म भरकर जमा करे। यह न केवल आपके मताधिकार के प्रति जागरूकता को दर्शाता है, बल्कि लोकतंत्र को और मजबूत बनाने में आपका सक्रिय योगदान भी साबित करता है।



## नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने वार्डवासियो के साथ किया भूमिपूजन

# 39 लाख 77 हजार की लागत से होगा सीसी रोड एवं नाली निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

वार्ड क्रमांक 17 में होली क्रॉस स्कूल से लेकर पेट्रोल पंप (बिलासपुर रोड) तक जर्जर हो चुकी सड़क और नाली निर्माण कार्यों का आज विधिवत भूमिपूजन किया गया।

वर्षों से खराब सड़क और नाली की समस्या के कारण आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। खराब सड़क के कारण आवाजाही और भी मुश्किल हो जाती थी। क्षेत्रवासियों की लंबी मांग और जनहित को ध्यान में रखते हुए अब इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए आज भूमिपूजन भी किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि निर्माण कार्यों हेतु सीसी रोड के लिए 23.70 लाख रुपये तथा नाली निर्माण के लिए 16.07 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा तथा लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक सड़क व्यवस्था प्राप्त होगी।

### वार्डवासियों ने जताया आभार

वार्डवासियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनमानस की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर विकास कार्यों की शुरुआत करना सराहनीय पहल है। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति पार्षद बिहरी राम धुर्वे, रिंकेश वैष्णव, उपमुख्यमंत्री कार्यालय से नरेंद्र मानिकपुरी, प्रवीण परिहार, अनिल साहू, हरीश कुंभकार, जसवंत छाबड़ा, विजय लक्ष्मी तिवारी, तिलक कुर्रे, प्रमोद कुमार शुक्ला, कुमार कश्यप, उमेश कुंभकार, केशव जायसवाल, विनोद जायसवाल, जीवन मल्लाह, बलराम पाली सहित अधिक संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# पंडरिया ब्लॉक कबड्डी संघ के अध्यक्ष-सचिव मनोनीत देवलाल साहू अध्यक्ष, मोहित साहू सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

जिला कबड्डी संघ कवर्धा ने पंडरिया ब्लॉक में कबड्डी खेल गतिविधियों के सुचारु संचालन हेतु ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। आज, दिनांक 30 नवंबर 2025 को स्थानीय छात्रावास, में जिला कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष सुखदेव धुर्वे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की सहमति से पंडरिया ब्लॉक के लिए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस निर्णय के तहत, श्री देवलाल साहू को पंडरिया ब्लॉक कबड्डी संघ का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि मोहित साहू को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपस्थित लोगों ने मनोनित पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें ब्लॉक में कबड्डी के खेल को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। यह मनोनयन पंडरिया क्षेत्र में कबड्डी खेल के विकास और युवाओं को खेल से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मनोनीत पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वे खेल संघ के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूरी लगन से कार्य करेंगे।

